राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | धनबाद, शनिवार 17 अगस्त 2024 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 13 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 129 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# मैं हूं सांसद, मेरी मर्जी.. मैं फहराऊंगा झंडा

## दशकों पुरानी परंपरा को बदल कर जिला कार्यालय में ढुल्लू ने फहराया तिरंगा

- धनबाद के नए सांसद का मुंह ताकते रह गए पुराने भाजपाई

**संवाददाता। धनबाद**

मैं हूं धनबाद का सांसद, यहां मेरी मर्जी चलेगी. जो चाहूंगा... वहीं करूंगा. इसी तर्ज पर धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने धनबाद भाजपा कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर झंडा फहरा दिया है. चर्चा तो है कि सांसद ने जिलाध्यक्ष श्रवण राय के हाथों से झंडे की रस्सी ऐन वक्त पर ले ली, जबकि जिलाध्यक्ष की सफाई है कि झंडा हमने ही फहराया है, हालांकि इस बात की सच्चाई खुद सांसद ढुल्लू महतो के आफिशियल फेसबुक अकाउंट से साबित हो रही है कि झंडा सांसद ने फहराया है. उक्त फेसबुक अकाउंट में ध्वजारोहण के समय की ली गई तस्वीरों के साथ कैप्शन में है कि धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने स्वतंत्रता दिवस के 78 वें वर्षगांठ पर धनबाद जिला भाजपा कार्यालय में ध्वजारोहण किया और झंडे को सलामी दी.



### पार्टी-संगठन से उपर हो गए ढुल्लू : मुकेश

वरिष्ठ भाजपाई मुकेश सिंह ने इस प्रकरण को लेकर कहा कि 26 जनवरी को ग्रामीण जिलाध्यक्ष, 15 अगस्त को महानगर जिलाध्यक्ष झंडा फहराते हैं. ग्रामीण व शहरी कमेटी बनने से पूर्व यहां जिलाध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण करते थे. लेकिन सांसद ने एक नई परिपाटी शुरू कर दी है. ऐसा इसलिए है कि सांसद अब न सिर्फ खुद धनबाद के समस्य भाजपाई बल्कि पार्टी-संगठन से भी उपर की समझने लगे हैं.

### झूठ बोल गए जिलाध्यक्ष श्रवण

इस बाबत पूछने पर महानगर जिलाध्यक्ष श्रवण राय ने साफ झूठ बोल दिया कि उन्होंने झंडा फहराया है, जबकि सांसद की पोस्ट की गई तस्वीरों में साफ दिख रहा है कि उन्होंने सांसद के हाथ के नीचे रस्सी को पकड़ रखा था. सांसद झंडा फहरा रहे हैं. हालांकि अन्य भाजपाई भी इस ध्वजारोहण को लेकर अंदर ही अंदर मन मसोस रहे हैं, लेकिन ढुल्लू से पंगा लेना फिलहाल कोई नहीं चाहता.

### देर से आए साहेब, झंडा फहराए और चले गए

भाजपा पार्टी कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस का नजारा कुछ इस प्रकार था. जिलाध्यक्ष श्रवण राय झंडोत्तोलन की तैयारी में थे और सांसद का सभी इन्तजार कर रहे थे. सांसद ढुल्लू महतो तय समय से करीब 40 मिनट देर से आये. इसके बाद झंडोत्तोलन झंडे की डोर जिलाध्यक्ष के हाथ से लेकर खुद झंडोत्तोलन कर दिया. सांसद की इस हरकत से कई कार्यकर्ता भौंचक रह गए. पुराने भाजपाई बताते हैं कि भाजपा के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ जब जिलाध्यक्ष की जगह सांसद ने झंडा फहराया हो. बताया कि भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झंडा फहराया. इसी तरह जिला कार्यालय में भी जिलाध्यक्ष को ही झंडा फहराना चाहिए था लेकिन सांसद की दबंगता के कारण उनके आगे किसी ने कुछ नहीं कहा.

### पूर्व सांसद व विधायक से बात तक नहीं

भाजपा में ढुल्लू महतो के उम्मीदवार के तौर पर घोषणा के साथ ही धनबाद में भाजपाई खेमों में बंट चुके हैं. चुनाव में जीत के बाद ढुल्लू के तेवर में और इजाफा हुआ है. यह अलग बात है कि लोकसभा चुनाव के दौरान पूर्व विधायक राज सिन्हा के आवास की भी परिक्रमा की थी, सांसद के दरवाजे पर भी हाजिरी दी थी. लेकिन जीत के बाद उनके तेवर में ये बदलाव है कि पार्टी कार्यालय में झंडा फहराने के बाद इन लोगों से बातचीत तक नहीं की. हालांकि यह सारा विवाद लोस चुनाव के दौरान उठा था. जो आज भी जारी है.

सभी निजी-सरकारी डाक्टरों का हड़ताल आज

# एसएनएमएमसीएच में ओपीडी डाक्टरों का हड़ताल



- कोलकाता की महिला डाक्टर से दुष्कर्म-हत्या के मामले का विरोध
- एसएनएमएमसीएच में आए लगभग एक हजार से अधिक मरीज बिना इलाज लौटे

**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद के सभी निजी और सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों ने शनिवार सुबह 06 बजे से रविवार सुबह 06 बजे तक कार्य बहिष्कार करने की घोषणा की है. यह हड़ताल पश्चिम बंगाल में एक महिला डॉक्टर की रेप के बाद हत्या के मामले में देशव्यापी विरोध को लेकर की गई है. वहीं शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) के जूनियर, इंटर्न, सीनियर रेजिडेंट समेत तकरीबन 200 से अधिक डॉक्टर शुक्रवार से हड़ताल पर चले गए हैं. डॉक्टरों के हड़ताल पर जाने के बाद से एसएनएमएमसीएच की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है. तालाबंदी के बाद शुक्रवार को ओपीडी को बंद कर दिया गया और डाक्टर्स वहीं धरना पर बैठ गए. इस कारण दूर-दराज से इलाज कराने आए मरीजों का जूनियर डॉक्टरों के साथ थोड़ी नोकझोंक भी हुई. अस्पताल में आए लगभग एक हजार से अधिक मरीजों को बिना इलाज कराए लौटना पड़ा. हालांकि अस्पताल में पहले से एडमिट मरीजों के लिए डॉक्टरों ने इलाज जारी रखा. आपातकालीन विभाग में भी डॉक्टर सेवा दे रहे हैं. आपातकालीन सेवा को किसी भी हाल पर बाधित नहीं किया गया है.

**एसएनएमएमसीएच के डाक्टरों ने मांगी सुरक्षा :** धरना-हड़ताल की अध्यक्षता कर रही डॉक्टर अनन्या घोष ने बताया कि बीते दिनों कोलकाता में महिला ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई घटना काफी दर्दनाक, शर्मनाक व निंदनीय है. कहा इस पर सरकार को कड़े कदम उठाने की जरूरत है. बताया कि यह हड़ताल दोषियों की गिरफ्तारी तक जारी रहेगी. उन्होंने कहा कि इतने बड़े एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भी सुरक्षा के नाम पर सिर्फ 20 से 30 होमगार्ड के जवान हैं. जो हमारी सुरक्षा के लिए नाकाफी है.

**आईएमए ने मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग :** आईएमए ने 17 अगस्त से अगले 24 घंटे तक धनबाद के सभी सरकारी और निजी अस्पतालों के डॉक्टर्स कार्य बहिष्कार करने की घोषणा की है. आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एके सिंह ने कहा कि डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाना चाहिए. इससे डॉक्टरों को अपने काम करने के दौरान सुरक्षा प्रदान की जा सकेगी.

# पीएम को राखी बांधने बलियापुर की पांच छात्राएं दिल्ली रवाना

**संवाददाता। धनबाद**

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बलियापुर की पांच छात्राएं 19 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राखी बांधेंगी. केजीबीवी बलियापुर उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल से चयनित होने वाला एकमात्र विद्यालय है.सभी चयनित छात्राएं अपनी शिक्षिका के साथ आसनसोल-आनंद विहार स्पेशल ट्रेन से 16 अगस्त को नई दिल्ली के लिए रवाना हो गई. राज्य से 30 केजीबीवी से पांच-पांच छात्राओं का छह दल राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली के लिए रवाना होगा। इनके साथ छह शिक्षिकाएं भी रहेंगी. इस दौरान सभी छात्राएं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी मुलाकात करेंगी. एपीओ मीतू सिन्हा और वार्डन रीता कुमारी ने बताया कि इस बार बोर्ड परीक्षा में केजीबीवी बलियापुर की दसवीं और 12वीं दोनों परीक्षाओं में परिणाम 100 प्रतिशत रहा है. दोनों बोर्ड में सभी छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण रहीं. समग्रता में भी स्कूल का शैक्षणिक प्रदर्शन अन्य स्कूलों से काफी बेहतर है. पांच चयनित छात्राओं में से एक राजश्री कुमारी का चयन अंडर-14 खो-खो स्टेट प्लेयर के तौर पर भी हो चुका है. पीएम मोदी को राखी बांधने की बात से ही छात्राएं काफी उत्साहित हैं.

## वारंटी के घर इश्तेहार चस्पा

**बरवाअड्डाः** बरवाअड्डा थाना कांड संख्या 76/22 के फरार वारंटी राकेश कुमार के घर बरवाअड्डा पुलिस नर इश्तेहार चिपकाया. बोकारो जिला के चास थाना अंतर्गत नगर कालोनी निवासी राकेश कुमार के विरुद्ध बरवाअड्डा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी. न्यायालय से निर्गत धारा 82 दप्रस के तहत इश्तेहार को तामिला कराया गया. बरवाअड्डा थाना के अजय कुमार महतो, सुमेश्वर सिंह, चास थाना के राकेश कुमार आदि साथ थे.

# कोयलांचल सिटी के गेट पर महिला की चेन छीनी

बरवाअड्डाः शुक्रवार की शाम लगभग 7:30 बजे बरवाअड्डा थाना अंतर्गत 99 कोयलांचल सिटी गेट के समीप सेबाइक सवार अपराधियों ने 99 कोयलांचल सिटी निवासी राज सिंह की पत्नी देवप्रिया सिंह के गले से सोना का चेन झपटा मार लिया. जानकारी के अनुसार देवप्रिया सिंह अपनी चाची के साथ 99 कोयलांचल सिटी के बाहर स्थित दुकान से कुछ समान ले कर वापस घर लौट रही थीं. इस दौरान 99 कोयलांचल सिटी गेट के समीप पर एक पल्सर बाइक सवार दो अपराधियों ने देवप्रिया सिंह के गले से सोना का चेन छीन लिया और फरार हो गए. कुछ लोगों ने अपराधियों का पीछा भी किया लेकिन पल्सर बाइक की तेज गति के कारण अपराधी भाग निकले. घटना की सूचना बरवाअड्डा पुलिस को दी गई है. घटना की सूचना पर बरवाअड्डा पुलिस मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली. पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है.



# जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**खास बातें**

- मंत्री बेबी देवी ने किया ध्वजारोहण
- राज्य के लोगों को दी शुभकामना

**संवाददाता। बोकारो**



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गुरुवार को मुख्य समारोह सेक्टर-12 स्थित पुलिस केंद्र में आयोजित किया गया. झारखंड सरकार की महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री बेबी देवी ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी. इससे पूर्व उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और राज्य वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना दी. कहा कि राज्य प्रगति के पथ पर अग्रसर है. उन्होंने मंच से देश की आजादी में अपने प्राण की आहूति देने वाले वीर सपूतों को नमन किया. इसके बाद मंत्री ने जैक, सीबीएसई, आइसीएसई, मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा में अव्वल प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. वहीं खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वाली सपना कुमारी (कराटे), अनुष्का (जुडो), साक्षी श्रीवास्तव, तरूण कुमार एवं रिसिका कुमारी (गतका) को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया.

## स्वतंत्रता दिवस पर जैन पब्लिक स्कूल में झंडोत्तोलन

- बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किए प्रस्तुत

**बोकारो।** जैन पब्लिक स्कूल में 78 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया. स्कूल के सचिव आलोक जैन ने ध्वजारोहण किया और तिरंगे को सलामी दी. मौके पर उन्होंने कहा कि आज देश की आजादी के लिए बलिदान देने वालों को याद कर उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का दिन है. प्रभारी प्राचार्य मृत्युंजय सहाय ने अतिथियों को स्वागत किया तथा स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला. स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए. इस अवसर पर संजय बैद, विपुल मेहता, श्यामसुंदर जैन, सुभाष जैन, मनीष जैन, विकास जैन, डॉ. महेंद्र जैन, प्रकाश कोठारी, सरला जैन, रजनी जैन, स्कूल की सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और स्कूली बच्चे उपस्थित थे.






## उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने किया ध्वजारोहण

**खास बातें**

- झंडा मैदान में मुख्य समारोह का आयोजन

**संवाददाता। गिरिडीह**




गिरिडीह जिले में गुरुवार को धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया. गिरिडीह जिला मुख्यालय में मुख्य समारोह झंडा मैदान में आयोजित किया गया था. उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने ध्वजारोहण किया और राष्ट्रध्वज को सलामी दी. समारोह में पुलिस अधीक्षक दीपक शर्मा उपस्थित थे. ध्वजारोहण के बाद उपायुक्त ने जिले वासियों को सम्बोधित करते हुए उन्हें स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी. इसके पूर्व उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने खुली जीप पर सवार होकर परेड का निरीक्षण किया. परेड में महिला पुलिस, डीएपी जवान, होम गार्ड, एनसीसी, सीसीएल डीएवी स्कूल,बीएन साहा डीएवी स्कूल, कार्मेल स्कूल, सुभाष पब्लिक स्कूल, कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं सर जेसी बोस बालिका उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. परेड में शामिल सभी टुकडियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया. उपायुक्त ने कहा कि आज ही के दिन 15 अगस्त 1947 को ब्रिटिश हुकूमत से देश को आजादी मिली. अथक संघर्ष एवं बलिदान से इस राष्ट्र का निर्माण हुआ है. भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है. यहाँ 18 वर्ष से ऊपर आयु के सभी नागरिकों को वोट देने का अधिकार है.

### सरकारी कार्यलयों, शैक्षणिक संस्थानों में लहराया तिरंगा

समाहरणालय समेत अन्य सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में भी धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया. समाहरणालय परिसर में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने ध्वाजारोहण किया. वहीं अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत यशवंत विसपुते, नगर निगम में उप नगर आयुक्त विशालदीप खलको और पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक दीपक शर्मा ने ध्वजारोहण किया. जिले के विभिन्न प्रखंडों और अंचल कार्यालयों में भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर राष्ट्रध्वज फहराया गया. सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में भी ध्वजारोहण किया गया.

### वेदांता ईएसएल ने फहराया तिरंगा

**बोकारो।** ईएसएल स्टील लिमिटेड में 78 वां स्वतंत्रता दिवस गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. सुबह 9 बजे कार्यक्रम की शुरुआत हुई. ईएसएल स्टील लिमिटेड के सुरक्षा विभाग के कर्मियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिए. इसके बाद तिरंगा फहराया गया. ईएसएल स्टील के निदेशक सह सीईओ आशीष कुमार गुप्ता ने राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत भाषण दिए. ईएसएल के सियालजोरी संयंत्र में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में करीब एक सौ स्थानीय लोगों सहित कंपनी के कर्मचारियों ने भाग लिया.



### संत जेवियर्स स्कूल में मना स्वतंत्रता दिवस

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संत जेवियर्स स्कूल में राष्ट्रगान गाकर तिरंगा फहराया. ध्वजारोहण के बाद प्राचार्य फादर अरुण मिंज ने छात्रों के जीवन में स्वतंत्रता का मतलब पर प्रेरक बातें कही. स्कूल के उप कप्तान पलक ने जोशीले भाषण दिए.

### राष्ट्रीय कायस्थवृन्द ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

गिरिडीह में कायस्थों की अग्रणी संस्था राष्ट्रीय कायस्थवृन्द ने स्वतंत्रता दिवस मनाया. इस अवसर पर संस्था के चित्रांश भवन स्थित जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष मानवेन्द्र कुमार वर्मा ने ध्वजारोहण किया. मौके पर संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष त्रिपुरारी प्रसाद बक्सी, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश कुमार, प्रदेश प्रभारी शिवेन्द्र कुमार सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष संजीव रंजन सिन्हा, जिला सचिव संजीव सिन्हा सज्जन, जिला उपाध्यक्ष उत्तम लाला, नवीन कुमार सिन्हा, जिला सचिव कुमार राकेश, विकास कुमार, राजेश कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष विशाल गौरव, युवा अध्यक्ष अभय कुमार, अजीत कुमार सिन्हा, राजेश सहाय, उत्तम सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित थे.

### चीरा चास में स्वतंत्रता दिवस पर सेनानियों को किया नमन

बोकारो कलाकार संघ एसएस वाटिका द्वारा चीरा चास में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया. संघ के अध्यक्ष जगदीश बाबला ने ध्वजारोहण किया. कलाकारों ने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया.

# बाइक दुर्घटना में 3 युवकों की मौत



**संवाददाता। गोड्डा**

15 अगस्त की सुबह एक सड़क दुर्घटना में बाईक सवार तीन लड़को की मौत हो गई. लोग स्वतंत्रता दिवस की खुशी मना रहे थे, ग्राम साहब के तीन घरों में मातम पसर गया था. घटना मेहरमा थाना क्षेत्र के भगैया बुधासन मुख्य सड़क पर हुई थी. 15 अगस्त की अहले सुबह, कुमरडोय के समीप तीन नाबालिक लड़के सड़क के किनारे गड्डे में बेहोशी की हालत में पड़े हुए थे. एक ही बाइक पर सवार होकर तीनों लड़के तेज रफ्तार का आनंद लेने सड़क पर निकले थे. जोश और रफ्तार में अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे बिजली पोल से जा टकराई, जिसके बाद तीनों युवकों को बेहोशी की स्थिति में पड़े हुए थे. सूचना के बाद, मेहरमा थाना प्रभारी नीतीश अश्वनी ने तीनों लड़कों को मेहरमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाया. स्थिति को भांपते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल गोड्डा रेफर कर दिया. सदर अस्पताल गोड्डा में डॉक्टर ने समय ना गंवाते हुए नाजुक स्थिति को देखते हुए भागलपुर रेफर कर दिया. भागलपुर जाने के क्रम में एक लड़के, आशीष राय ने, संहौला के पास दम तोड़ दिया. जबकि दूसरे लड़के, चंदन राय ने, भागलपुर के एक निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया. बाद में तीसरे लड़के, प्रिंस राय की, भी इलाज के क्रम में मौत हो गई. घटना के बाद मृत लड़कों के घर कोहराम मच गया. घटना के बारे में जिसने भी सुना, उनका मन व्यथित ही उठा. तीन घरों का चिराग एक झटके में बुझ जाने से इन घरों में उदासी छा गई है.

## तालाब में नहाने गई दो बच्ची की डूबने से मौत

- एक दूसरे को बचाने में गई जान

**गोड्डा।** ललमटिया थाना के लोहंडिया ग्रांव में शुक्रवार की दोपहर तालाब में नहाते समय डूबने से दो बच्ची की मौत हो गई. मृतका का नाम अंजू कुमारी(12) और नेहा कुमारी(8) है. दोनों नहाने के लिए विस्थापित एरिया की ओर बने गड्ढ़ेनुमा तालाब गई थी. नेहा कुमारी पहले तालाब में नहाने उतरी. गहरे पानी में जाने से वह डूबने लगी. उसे डूबता देख अंजू कुमारी उसे बचाने पानी में उतर गई. नेहा कुमारी को बचाने की चक्कर में वह भी डूब गई. काफी समय तक घर नहीं लौटने पर दोनों के परिजन परेशान हो उठे. खोजबीन करने पर तालाब के किनारे रखे कपड़े पर नजर पड़ी. पानी में जाकर दोनों शवों को निकाला गया. इसी बीच खबर पाकर ललमटिया थाना पुलिस मृतका के परिजनों से मुलाकात कर पोस्टमार्टम के लिए शव सौंपने को कहा. मगर परिजन पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर गए. मृतका के परिजनों के लिखित आवेदन पर शव को अंतिम क्रिया की इजाजत दे दी गई.



## ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत

**संवाददाता। गोड्डा**

महगामा प्रखंड के हनवारा थाना अंतर्गत सुंदरचक गांव स्थित सनराइज स्कूल के सामने शुक्रवार की सुबर गंगा स्नान करने जा रही तेज रफ्तार ट्रक के चपेट में आने से एक महिला को मौत हो गई. मृतका का नाम ज्ञानी देवी है.

वह अपने बेटे के साथ बाइक पर सवार होकर गंगा स्नान करने कहलगांव की ओर जा रही थी. इसी क्रम में पीछे से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक बाइक को रौंदते हुए निकल गया, जिससे घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई. ग्रामीणों ने ट्रक को समदा गांव के पास रोक लिया. मगर चालक ट्रक को खड़ा छोड़कर भाग निकला. घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग कर सड़क जाम कर दिया. सड़क जाम के कारण घंटों यातायात प्रभावित रहा. खबर पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिलाकर ग्रामीणों को सड़क पर से हटाया.

मृतका का पति नरेश ठाकुर दूसरे शहर कमाने गया था. वहां बीमार पड़ने पर वह अपने गांव लौट आया था, जहां उसकी मौत हो गई. अपने पति के श्राद्ध कर्म से निवृत्त होने के बाद वह शुद्धि क्रिया करने गंगा स्नान करने जा रही थी. इसी दौरान हादसे में उसकी भी मौत हो गई.

### धोबी टोला आंगनबाड़ी केंद्र में राष्ट्रध्वज फहराया उल्टा

- कानूनी कार्रवाई की मांग

**साहिबगंज।** बोरियो थाना क्षेत्र के बोरियो बाजार स्थित धोबी टोला आंगनबाड़ी केंद्र में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रध्वज को उल्टा फहरा दिया गया. तिरंगा कई घंटों तक उल्टा ही लटका रहा. उसके बाद लोगों की नजर पड़ने पर उसे सीधा किया गया. हालांकि तब तक उल्टा लटके तिरंगा की तस्वीर वायरल हो चुकी थी. मोहल्ले के लोगों का कहना है कि आंगनबाड़ी सेविकाओं ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रध्वज फहराया था. लोगों ने तिरंगा का अपमान करने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है. साथ ही संबंधित सेविकाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है. वहीं इस संबंध में सीडीपीओ पूनम टोप्पो से टेलीफोन पर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं से पहले स्पष्टीकरण मांगा जाएगा. इसके बाद विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी.

### ह्यूमैनिटी प्रोग्रेसिव हैंड्स फाउंडेशन ने खोला प्रशिक्षण केंद्र

**बोकारो।** ह्यूमैनिटी प्रोग्रेसिव हैंड ने 78वां स्वतंत्रता दिवस सेक्टर 4 कार्यालय में मनाया. संस्थापक द्वारा झंडातोलन कर झंडे को सलामी दी गई और समस्त देशवासियों एवं नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं दी गईं. इसके अलावा, ह्यूमैनिटी प्रोग्रेसिव हैंड्स फाउंडेशन ने बोकारो जिला, खूंटी जिला और धनबाद जिला में 28 से 30 ब्यूटीशियन एवं सिलाई का प्रशिक्षण फ्रेंचाइजी खोला है. इसमें ब्यूटीशियन और सिलाई का कोर्स करवाया जाएगा. कोर्स करने के बाद सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट और रोजगार के लिए संस्था की ओर से आर्थिक सहायता भी दी जाएगी. संस्था ने सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे संस्था के द्वारा लोगों की मदद करें और उन्हें रोजगार प्रदान करने में सहायता दें.

### चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**साहिबगंज।** उधवा प्रखंड राधानगर थाना पुलिस ने बीते बुधवार के देर शाम गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के फुदकीपुर हटिया से चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने बाइक को जब्त कर आरोपित इसराफिल शेख को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है. आरोपित इसराफिल शेख अमानत दियारा पंचायत के रहने वाला बताया जाता है. पुलिस सूत्रों के अनुसार राधानगर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त युवक चोरी की बाइक लेकर फुदकीपुर हटिया के आसपास घूम रहा है. त्वरित कार्रवाई करते हुए राधानगर थाना के एएसआई धर्मेंद्र नाथ साहा दलबल के साथ हटिया पहुंचकर युवक को पकड़ कर संबंधित कागजात की मांग की. हालांकि युवक के द्वारा किसी प्रकार का कागजात प्रस्तुत नही कर सका. पुलिस ने उसे पकड़कर थाना ले आया. इस संबंध में राधानगर थाना में एएसआई धर्मेंद्र नाथ साहा के बयान पर थाना कांड संख्या 127/24 के तहत इसराफिल शेख के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है. फिलहाल राधानगर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है.

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता में होंडा कैपिटल विजयी

**गांडेय (गिरिडीह)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर गांडेय पावर हाउस परिसर में एक दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें दो टीमों ने भाग लिया. प्रतियोगिता बजाज बलास्टर बनाम होंडा कैपिटल के बीच खेला गया. होंडा कैपिटल ने 2-1 से प्रतियोगिता जीतकर खिताब पर कब्जा जमाया. हालांकि प्रतियोगिता जीतने के लिए दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किए. प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि गांडेय थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह ने विजेता व उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया. बबलू गुप्ता मैन ऑफ द मैच चुने गए. मौके पर होंडा शोरूम के संचालक भरत बैठा, बजाज शोरूम के आशीष कुमार साव, अनिल रजक, सुनील समेत दोनों टीमों के कप्तान मौजूद थे.

## अनियंत्रित ट्रक ने मारी ठोकर, दो मवेशियों की मौत

**संवाददाता। कथारा**

बोकारो थर्मल क्षेत्र के अंतर्गत कथारा असनापानी रोड पर एक अनियंत्रित मालवाहक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिसके कारण दो मवेशी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. जिस वाहन से यह हादसा हुई है उसकी संख्या जेएच 09AQ 8324 है. घटना के बाद वाहन चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया. मवेशी के मालिक सुरेश यादव ने बताया कि वह मवेशी को लेकर गायत्री कॉलोनी लौट रहा था. इसी दौरन तेज रफ्तार से गाड़ी आई और ठोकर मार दी. घटना स्थल पर ही दोनों मवेशी की मौत हो गई. घटना स्थल पर लोगों की हुजूम जमा हो गई. वे मुआवजे की मांग कर रहे थे. सड़क जाम जैसी स्थिति होने पर प्रबुद्ध नागरिक जुटे जहां कथारा बोडिया उत्तरी पंचायत के मुखिया कामेश्वर महतो भी पहुंचे और दोनों पक्षों में वार्ता कराया और मवेशियों के मालिक को मुआवजे की राशि दिलाई। जिसके बाद मामला शांत हुआ। उपरोक्त जानकारी कथारा बोडिया उत्तरी पंचायत की मुखिया दुरभाष पर पुछे सवालों के जवाब में बताया।

## आरसीएमयू की पिट मीटिंग

**संवाददाता। कथारा**

कथारा-जारंगडीह कोलियरी के खुली खदान में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की शुक्रवार को पीट मीटिंग हुई. अध्यक्षता मो. सनाउल्लाह एवं संचालन जितेन्द्र पासवान ने किया. इस अवसर पर यूनियन के कथारा क्षेत्रीय सचिव विल्सन फ्रांसिस ने कहा कि खुली खदान में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी जारंगडीह कोलियरी को पिछले वित्तिय वर्ष की तुलना में काफी पीछे धकेल दिया है. पिछले वित्त वर्ष में जारंगडीह कोलियरी ने पूरे क्षेत्र में सबसे अधिक कोयले का उत्पादन किया था, लेकिन डिपार्टमेंटल कार्य बंद कर दोनों पैच आउटसोर्सिंग कंपनी के हाथों सौंपना प्रबंधन की भारी भूल थी., जिसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है. प्रबंधन की भूल का नतीजा सबके सामने है. अपने लक्ष्य से आउटसोर्सिंग कंपनी काफी पीछे चल रही है. उन्होंने कहा कि आरसीएमयू के केंद्रीय अध्यक्ष सह बेरमो विधायक कुमार जयमंगल की पहल पर डिपार्टमेंटल कार्य की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिसके तहत बाहर भेजी गई मशीनों को वापस लाया गया है. साथ ही आरआर शॉप ऑफिस बिल्डिंग को तोड़ने का कार्य भी शुरू है.



# बांग्लादेश में हिन्दुओं से क्रूरता के खिलाफ प्रर्दशन

**खास बातें**

- केंद्र सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग

**संवाददाता। बोकारो**




बोकारो में बांग्लादेश में हिंदू और अल्पसंख्यक समुदाय के साथ हो रही अत्याचार के विरोध में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग को लेकर भव्य प्रदर्शन के साथ जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम की अगुवाई मंच के जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा ने की. इस जन आक्रोश रैली में स्वदेशी जागरण मंच के विभिन्न समविचारी संगठनों ने हिस्सा लिया और अपने विचार व्यक्त किए. संयोजक पीके सिंह ने कहा कि एक सोची समझी रणनीति के तहत अतिवादियों द्वारा हिंदू के साथ नरसंहार और महिलाओं के साथ बलात्कार किया जा रहा है. झारखंड भी इससे अछूता नहीं है. झारखंड की कई क्षेत्र हैं, खासकर संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ कर जमाई टोला बना कर रह रहे हैं. राज्य सरकार तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण इनके खिलाफ कुछ भी करने से बचते हैं. वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार समय रहते इन घुसपैठिये बांग्लादेशी और रोहंगियाओं के खिलाफ अगर सख्त कार्रवाई नहीं की जाती है तो मंच द्वारा पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा. कार्यक्रम को सफल बनाने में अनुजा सिंह, पुनम सिन्हा, राधा सिंह, मनोरमा चौधरी, निलम सिह, गायत्री, नित सिंह, विवेका नन्द झा, अजय चौधरी, अमरेंद्र सिंह, कुमार संजय, ददन प्रसाद, परमेश्वर लाल वर्नवाल, राजीव रंजन, प्रेम प्रकाश, कृष्ण कुमार, नवीन कु सिन्हा शामिल रहे.

### सीएसआर दायित्व में तेजी लाएं : उपायुक्त

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने जिला कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) समिति की बैठक की. बैठक में वित्तीय वर्ष 21-22, 22- 23 एवं 23-24 के तहत जिले में विभिन्न कंपनियों द्वारा सीएसआर स्कीम के तहत किए गए कार्यों की समीक्षा की गई. साथ ही पिछली बैठक में समिति द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन पर चर्चा की गई. बैठक में उपस्थित विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों और सीएसआर प्रमुखों को उपायुक्त ने कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के संबंध में विस्तार से बताया. कहा कि सीएसआर को सभी कंपनियां गंभीरता से लें. जिला प्रशासन ने जो दायित्व दिया है उसे ससमय पूरा करें.

## ब्रीफ खबरें

### धूमधाम से मनाया 78 स्वतंत्रता दिवस

**बेरमो।** बेरमो प्रखंड क्षेत्र में 78वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न धूमधाम से मनाया गया. बेरमो प्रखंड कार्यालय में बेरमो प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार ने ध्वजारोहण किया, जबकि सीसीएल जारंगडीह परियोजना कार्यालय में परियोजना पदाधिकारी परमानंद गुइन ने ध्वजारोहण किया. इस अवसर पर जारंगडीह में सौरभ क्लासेज द्वारा तिरंगा पद यात्रा निकाली गई, जिसमें भव्य झांकी निकाली गई. झांकी में भारत माता की झांकी और देश पर जान निछावर करने वाले सिपाही ध्वजा लेकर भारत माता की गगनभेदी जयकारे के साथ तिरंगा यात्रा के दौरान आकर्षण का केंद्र बना रहा.

### रक्तदान शिविर में लोगों ने किया रक्तदान

**बोकारो।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब आफ बोकारो मिड्टाउन कपल्स के सदस्यों द्वारा बोकारो मॉल, सेक्टर 3 में रक्तदान शिविर का आयोजन किया. इस ब्लड डोनेशन कैम्प में कुल 51 लोगों ने रक्त दान किया. रोटरी के अध्यक्ष रंजन गुप्ता ने कहा कि रक्त दान एक माहदान है और इससे बहुत से लोगों की जान बचाई जा सकती है. रक्तदान से किसी भी प्रकार की कमजोरी या तकलीफ नहीं होती है.

### उपायुक्त ने ली स्पॉन्सरशिप योजना की जानकारी

**साहिबगंज।** साहिबगंज में शुक्रवार को उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला समाज कल्याण एवं जिला बाल संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई. उपायुक्त ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए जा रहे कार्यो के विषय में विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उपायुक्त ने स्पॉन्सरशिप योजना में किए जा रहे आवेदनों की जानकारी ली और शत-प्रतिशत स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ आवेदकों को देने हेतु निर्देशित किया. इस मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी और अन्य उपस्थित थे.

### स्वतंत्रता दिवस पर मैराथन दौड़ का आयोजन

**कथारा।** 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर जारंगडीह में स्व. विकास कुमार गुप्ता की याद में एक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया. इस आयोजन में राज्य के विभिन्न हिस्सों से धावक पहुंचे और मैराथन दौड़ में हिस्सा लिया. मैराथन दौड़ का शुभारंभ कथारा ओपी थाना प्रभारी राजेश कुमार प्रजापति के हाथों झंडा दिखाकर दौड़ के लिए धावकों को रवाना किया गया. बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शलैन्द्र कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. मैराथन दौड़ में प्रथम स्थान हासिल कर विजेता बने छोटे लाल को पुरस्कृत किया गया. दूसरे स्थान पर आकर शुभम कुमार को बेरमो विधायक प्रतिनिधि विल्सन फ्रांसिस उर्फ बबलू के हाथों पुरस्कृत किया गया. तीसरे स्थान पर राहुल कुमार को स्व. विकास कुमार की मां के हाथों पुरस्कृत किया गया.

### 10 आंगनबाड़ी केंद्र होंगे माडल आंगनबाड़ी केंद्र

**बोकारो।** बोकारो में जिला प्रशासन और पंजाब एंड सिंध बैंक के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ. इस समझौते के तहत पंजाब एंड सिंध बैंक जिले के 10 आंगनबाड़ी केंद्रों को माडल आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में विकसित करेगी. यह कार्य बैंक कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के तहत पूरा किया जाएगा. समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव की उपस्थिति में जिला सीएसआर नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार और पंजाब एंड सिंध बैंक के जोनल प्रबंधक समिंदर सिंह ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए. वित्त विभाग के पूर्व अधिकारी श्री विवेक सिंह भी मौजूद थे.

### सावन उत्सव में सुधा सिंह बनीं सावन क्वीन

**बोकारो।** बोकारो में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के तत्वावधान में सेक्टर चार, सिटी सेंटर स्थित तृप्ति हॉल में सावन उत्सव का आयोजन किया गया. इस आयोजन में सुधा सिंह को सावन क्वीन चुना गया. आयोजन में विभिन्न इवेंट्स का आयोजन किया गया, जिन्हें निर्णायक मंडली ने नंबर दिए. इन नंबरों के आधार पर सावन क्वीन की घोषणा की गई. इस अवसर पर कुसुम गुप्ता, रेखा चौधरी, रेखा चौरसिया, सिम्मी मोहंती, माधुरी सिंह, रंजना श्रीवास्तव, इंदु अग्रवाल सहित कई महिलाएं उपस्थित थीं.

# महिला चिकित्सक की हत्या के विरोध में कैंडल मार्च

## समाजसेवी देवानंद प्रसाद ने मुख्यमंत्री से त्याग पत्र देने की मांग की

### दोषियों को फांसी की सजा देने , महिलाओं को सुरक्षा देने की मांग

**खास बातें**

- महिलाओं ने न्याय की मांग की



**संवाददाता। बराकर**

कोलकात्ता के आरजी कर अस्पताल में महिला चिकित्सक की हत्या के विरोध में गुरुवार की रात कुल्टी एवं नियामतपुर में महिलाओं ने सड़कों पर कैंडिल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया, जहा महिलाओं ने वी वांट जस्टिस के नारे से बुलंद हुआ पूरा छेत्र, महिलाओं ओर छात्राओ ने एक सुर में कहा कि जिन लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया है, जो लोग भी दोषी है, उसकी गिफ्तारी कर फांसी की सजा दी जाय, महिलाओं ने कहा कि सरकार महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने में असफल साबित हुयी है, मालूम हो की बीते गुरुवार की रात 12 बजे तक महिलाओं ने आरजी.कर अस्पताल की घटना के खिलाफ काफी देर तक कोलकाता पुलिस एवं सरकार के खिलाफ नारेबाजी बुलंद की, वहीं दूसरी ओर नियामतपुर में समाजसेवी देवानंद प्रसाद ने कहा कि पुलिस की उपस्थिति में लगभग 5 हजार लोग अस्पताल में घूंसकर सीवी सहित सभी सामान तोड़ फोड़ कर सबूत नष्ट किया और पुलिसकर्मी मूकदर्शक बने हुये थे, उन्होंने कहा कि जब सरकारी अस्पताल में ड्यूटी करने वाले चिकित्सक सुरक्षित नही है,तो आम नागरिकों की सुरक्षा कैसे होगी।उन्होंने कहा कि इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री को त्याग पत्र देने की मांग की।इस अवसर पर काफी संख्या में महिलाएं शामिल थी।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह, रॉयल केयर हॉस्पिटल में कार्यक्रम आयोजित





**संवाददाता। रानीगंज**

रानीगंज में 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रॉयल केयर हॉस्पिटल और रेलवे स्टेशन में दो अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए। रॉयल केयर हॉस्पिटल में डॉ जयंत भट्टाचार्य ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति की गई। रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जीआरपी और रेलवे प्रबंधक उपस्थित रहे और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति की गई। दोनों कार्यक्रमों में राष्ट्रीय गीतों की प्रस्तुति की गई और देशभक्ति की भावना को दर्शाया गया।




# ईसीएल में 78वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मना



**संवाददाता। सांकतोड़िया**

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) मुख्यालय में 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। ईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री समीरण दत्ता ने ध्वजारोहण किया और सुरक्षा विभाग एवं सीआईएसएफ की परेड की सलामी ली। श्री दत्ता ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों को नमन किया और कहा कि ईसीएल देश की बढ़ती हुई ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कंपनी की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में विशेष रूप से कूल्टी विधान सभा क्षेत्र के विधायक अजय पोद्दार एवं आसनसोल के पूर्व सांसद श्री बशोंगोपाल चौधुरी उपस्थित थे। ईसीएल के निदेशक मंडल के सदस्यों सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद थे।

## लीडर्स क्लब ने स्कूली बच्चों को किया सम्मानित



**बराकर :** लीडर्स क्लब द्वारा आजादी की 78वीं वर्षगांठ पर एक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर झंडा तोलन किया गया और पारस नाथ फ्री प्राइमरी स्कूल व बराकर मुस्लिम फ्री प्राइमरी स्कूल के छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। लीडर्स क्लब द्वारा बच्चों को स्कूल बैग, टिफिन, पेंसिल बॉक्स आदि सामग्री प्रदान की गई। इस समारोह में बराकर पुलिस फोर्स प्रभारी सुकांत दास, बराकर सदर अखाड़ा के सदर खलील खान, कलीम खान, हाजी कल्लू, हाजी नईम, वसीम खान, सोनू अंसारी, सलीम अंसारी, रिंकू अंसारी, शमसाद खान, इरफान, विक्की व पत्रकार बंटी खान मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता दिवस का जश्न, बच्चों ने पेश किए रंगारंग कार्यक्रम



**संवाददाता। पुरूलिया**

देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस पर पुरूलिया जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उत्साह के साथ राष्ट्रीय पर्व मनाया गया। इस मौके पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम पेश किए गए। जानकारी के अनुसार, पुरूलिया के नितुरिया प्रखंड स्थित पारबेलिया सरस्वती इंग्लिश लर्निंग स्कूल के प्रिंसिपल रमेश भारती ने इस दिन राष्ट्रीय ध्वज फहराया। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा कविता पाठ तथा राष्ट्रीय प्रेम आधारित नृत्य पेश किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की शिक्षिका सुष्मिता चौधरी, शुभम भारती, राखी देवी, इंद्राणी मंडल, डी. मुखर्जी, प्रभु ठाकुर, कावेरी बाउरी सहित स्कूल के स्टाफ की अहम भूमिका रही। इसके अलावा, पुरूलिया जिला परिषद के सभाधिपति निवेदिता महतो ने जिला परिषद कार्यालय में झंडा तोलन किया, जबकि पुरूलिया जिलाधिकारी रजत नंदा और पुरूलिया पुलिस अधीक्षक अभिजीत बनर्जी ने अपने-अपने कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। पुरूलिया नगरपालिका चेयरमैन नवेंदु महाली ने नगर पालिका परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके साथ ही, जिले के बाघमुंडी, पाड़ा, आद्रा, झालदा, रघुनाथपुर, काशीपुर, बलरामपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में गैर सरकारी और सरकारी संस्थाओं द्वारा स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया।







## झरिया, कतरास, निरसा

# महुदा में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**संवाददाता। महुदा**

महुदा क्षेत्र के विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी, संस्थानों में 78वाँ स्वतंत्रता दिवस धुमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महुदा थाना, भाटडीह ओपी, सीआईएसएफ कैंपस, बीसीसीएल कार्यालय, आरपीएफ ओपी, बैंक परिसर, सभी सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थान, विभिन्न कार्यालय एवं पंचायत सचिवालय, ऑगनबाड़ी केन्द्र में झंडोतोलन किया गया। पंचायत सचिवालयों में मुखियाओं द्वारा तिरंगा फहराया गया। महुदा थाना परिसर में थाना प्रभारी धीरज कुमार, भाटडीह ओपी में प्रभारी बाल मुकुन्द सिंह, आरपीएफ थाना में इंस्पेक्टर आर के साव, महुदा इंटर महाविधालय कॉलेज में सचिव प्रो.दीपनारायण शर्मा, व प्रचार्य प्रो.सिकन्दर रवानी, पुना महतो स्मारक उच्च विधालय महुदा मोड़ में सचिव धनेश्वर महतो, रॉयल रूट्स प्ले स्कुल में मुखिया महेश कुमार पटवारी, रवि महतो स्मारक उच्च विद्यालय में संस्थापक सह पुर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने झंडा फहराया। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया।

## आवाम को अधिकार दिलाने दुर्गा की सेना जुटी : जयश्री सोरेन



**कतरास।** कतरास। दुर्गा सोरेन सेना सामाजिक संगठन का धनबाद में गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जामा विधायक सीता सोरेन की पुत्री सह सेना के कार्यकारी अध्यक्ष जयश्री सोरेन उपस्थित थीं. इस दौरान संगठन का विस्तार किया गया. तेतुलमारी मोदीडीह निवासी सुनील पासी को झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया जबकि राकेश दास प्रदेश सचिव तथा सूरज यादव को धनबाद जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया. मुख्य अतिथि सोरेन ने सभी को माला पहनकर सम्मानित किया. जयश्री सोरेन ने कहा कि दुर्गा सोरेन सेना लंबे समय समय सामाजिक कार्यों में हमेशा बढ़चढ़कर भाग ले रही हैं. झारखंड के आम आवाम के हक अधिकार दिलाने के लिए दुर्गा सोरेन सेना के एक-एक कार्यकर्ता दिन रात लगे रहते हैं .यही कारण की संगठन में धनबाद सहित अन्य जिलों के लोग संगठन से जुड़ रहे हैं और जनसेवा में लगे हैं .

# एमपीएल में मना स्वतंत्रता दिवस

## कर्तव्यों का अनुपालन ही वास्तविक राष्ट्र धर्म है : सीईओ



**संवाददाता। निरसा/मैथन**

एमपीएल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। सीईओ विजयंत रंजन ने प्लांट में झंडोत्तोलन किया तथा झंडे को सलामी दी। सुरक्षा कर्मियों को उल्लेखनीय कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सीईओ श्री रंजन ने देश और देश प्रेम को सर्वोपरि बताया। कहा कि कर्तव्यों का अनुपालन ही वास्तविक राष्ट्र धर्म है। भेद भाव से परे देश की प्रगति और समृद्धि के लिए एक जुट होकर काम करना समय की मांग है। आज हमारा देश विकास की गौरव गाथा लिख रहा है। टाउनशीप में सीएमओ सुधाकर टंडन ने झंडोत्तोलन किया। बच्चों ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत किए। एमपीएल रेलवे नियंत्रण कक्ष में ओएंडएम सर्विसेज डीके गंगवाल तथा समृद्धि सेंटर में ऑपरेशन हेड प्रवीण बी राउत ने झंडोत्तोलन किया। तकनीकी भवन में समुदाय की महिलाओं द्वारा निर्मित सामानों की प्रदर्शनी लगायी गयी। महिला साक्षरता केन्द्रों में भी स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। झंडोत्तोलन कार्यक्रमों में सुरक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, मोहन सिंह, श्रीप्रकाश यादव, बीरेंद्र सिंह नेगी, राहुल कुमार तथा एमपीएल के वरीय अधिकारी डीके गंगवाल, संजय कुमार, पीके बंधु, सुप्रतिक मुखर्जी, प्रवीण बी राउत, रुपेश कुमार श्रीवास्तव, मेदुरी रतैया, संदीप खेडवाल, शेखर मिश्रा, फैज आलम, प्रिंस कुमार सिंह, उदय सिंह, अशोक साह, रश्मि लकड़ा, अजय कुमार आदि उपस्थित थे।

### चिरकुंडा में धूमधाम से मनाया गया 78 वां स्वतंत्रता दिवस



**चिरकुंडा।** चिरकुंडा क्षेत्र में 78 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया क्षेत्र के चिरकुंडा थाना में प्रभारी सुनिल कुमार सिंह,चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी विजय कुमार हांसदा,कुमारधुबी स्टेशन में मनोज कुमार,जीआरपी पीपी में राकेश कुमार,विद्युत विभाग चिरकुंडा कार्यालय में संतोष मंडल,डीपीएस कुमारधुबी में आलोक कुजूर,झारखंड रिफैक्ट्री मैनुफैक्चर्स एसोसिएशन कार्यालय में विशाल अग्रवाल, स्वामी विवेकानंद स्कूल में प्राचार्य संजिव कुमार साव व विवेक सिह,अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर,स्कूल ऑफ ड्रीमवे में प्रधानाध्यापक राजनारायण साव,मोडर्न स्कूल में प्रधानाध्यापक जुबीन बोस व दीप्ति अग्रवाल आदि ने ध्वजारोहण किया।







# चिरकुंडा में होगा जलमीनार का निर्माण

### शहरी क्षेत्रों के वासियों को मिलेगा, पेयजल की समस्या होगी दूर



**संवाददाता। चिरकुंडा**

हर घर नल योजना के तहत चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्रों में पेयजल योजना फेज 2 के तहत जलमीनार का निर्माण कराया जायेगा. जिसका शुक्रवार को चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या एक स्थित श्रमकल्याण केंद्र में भूमि पूजन किया गया, पूर्व में यह योजना चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 14 व 15 बगानधौड़ा में स्वीकृत की गई थी लेकिन भूस्खलन मिट्टी की वजह से योजना को स्थानांतरित कर सरसा पहाड़ी स्थित श्रमकल्याण केन्द्र में भूमि पूजन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमिपूजन किया गया, जानकारी देते हुए चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विजय कुमार हांसदा ने बताया कि यह महत्वपूर्ण पूर्ण योजना है. इस योजना का लाभ शहरी क्षेत्रों के वासियों को मिलेगा. इस योजना शरू होने से पेयजल की समस्या दूर हो जायेगी, वही इस मुद्दे पर चिरकुंडा नगर परिषद के निवर्तमान उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह ने कहा कि इस योजना से वर्ड संख्या 1,13,14,15 एवं 16 के कुछ अंश ज्यादा लाभांवित होंगे. इस योजना से सरसा पहाड़ी,तालडंगा, तालडंगा हाऊसिंग कॉलोनी,नीचूधौड़ा, बगानधौड़ा एवं कालीधौड़ा के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा. यह योजना क्षेत्रवासियों के लिए फायदेमंग साबित होगा.

# निरसा अनुमंडल क्षेत्र में शान से लहराया तिरंगा

**संवाददाता। निरसा**

निरसा अनुमंडल क्षेत्र के सभी सार्वजनिक व निजी प्रतिष्ठानों में गुरुवार को धूमधाम के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया. डीवीसी मैथन व पंचेत परियोजना, ईसीएल मुगमा एरिया की कोलियरियों, बीसीसीएल सीवी एरिया, निरसा, एग्यारकुंड व कालियासोल प्रखंड, निरसा, चिरकुंडा थाना, मैथन, कुमारधुबी, गलफरबाड़ी, पंचेत व कालूबथान ओपी में ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया. निरसा के पांड्रा भाजपा पार्टी कार्यालय में विधायक अपर्णा सेनगुप्ता व मासस कार्यालय ने आगम राम ने झंडा फहराया. मैथन एसडीपीओ कार्यालय में एसडीपीओ रजत माणिक बाखला, निरसा थाना में इंस्पेक्टर मनजीत कुमार सिंह, कालूबथान ओपी में ओपी प्रभारी राजीव प्रकाश, चिरकुंडा थाना परिसर में थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह, मैथन ओपी में ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन, गलफरबाड़ी ओपी में ओपी प्रभारी नीतीश कुमार, कुमारधुबी ओपी में ओपी प्रभारी पंकज कुमार व पंचेत ऑफिस में ओपी प्रभारी प्रभात रंजन राय, एमपीएल ओपी में योगिंदर कुमार ने ध्वजारोहण किया। मौके पर कई संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया. क्षेत्र के डीवीसी, ईसीएल, एसडीपीओ कार्यालय, मैथन थाना, बीएसके कॉलेज, सीआईएसफ कैंप, डीवीसी हाई स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, डी नोबली स्कूल सहित विभिन्न संस्थानों में शान से तिरंगा झंडा फहराया गया और झंडे को सलामी दी गई.



78 वें स्वतंत्रता दिवस की विद्यालय परिवार की ओर हार्दिक शुभकामनाएं
हाजी फिरोज अहमद
पूर्व उप प्रमुख, चंदवा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
नागेंद्र कुमार
समाजसेवी, दैहर- चौपारण

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
मुकेश सिन्हा
मंडल अध्यक्ष, चौपारण पश्चमी

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
रेखा देवी
मुखिया, पांडेबारा-चौपारण

78 वें स्वतंत्रता दिवस की विद्यालय परिवार की ओर हार्दिक शुभकामनाएं
अमित गुप्ता
भाजपा मंडल अध्यक्ष, चंदवा

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
प्राइम हॉस्पिटल रामगढ़

आलोक स्टील प्राइवेट लिमिटेड
रामगढ़
स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
सुनीता देवी
मुखिया,जगदीशपुर-चौपारण

SNK
SANHARS
Let's feel proud to be a part of our glorious
NATION
And hoist the Tricolor high sending you warm wishes...

ADVANCED STUDY CARE
XI th / XII th
I.Com.
B.Com
CA / CPT
DCA
TALLY
GST
Ramgarh Cantt. Mob - 9835145873
स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
पूजा कुमारी
मुखिया, बहेरा- चौपारण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनीता देवी
उपाध्यक्ष
जिला परिषद, लातेहार
प्रवीण सिंह
सीओ
पाटन, पलामू

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
दयाल स्टील, रामगढ़

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
जानकी यादव
मुखिया, जवनपुर (चौपारण)

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
मंजू देवी
मुखिया, बसरिया (चौपारण)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदीप यादव
भाजपा नेता सह समाजसेवी
बालूमाथव (लातेहार)

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
24 घंटा सेवा देने के लिए तत्पर
झारखंड हॉस्पिटल
झारखंड हॉस्पिटल
रामगढ़

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
सिकंदर गुप्ता
संचालक राज टाइल्स, चौपारण

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
सुनीता देवी
मुखिया, रामपुर-चौपारण

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर शुभम संदेश की तरफ से देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

आप सभी रामगढ़ जिला वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
बजरंग महतो
ममता देवी

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
मंटू सिंह
मुखिया, बेलाहि (चौपारण)

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
पिंकी सिंह
मुखिया, चौपारण

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
JAMIL HASAN GATE
CHITARPUR INTER COLLEGE CHITARPU
चितरपुर कॉलेज , चितरपुर , रामगढ़

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
बीरेंद्र रजक
मुखिया संघ अध्यक्ष सह मुखिया
बछई चौपारण

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
संजय यादव
अंचल अधिकारी, चौपारण

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
अन्नपूर्णा देवी
मुखिया
झापा चौपारण

BFCL बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
15TH AUG
HAPPY INDEPENDENCE
Works : Ramgarh Industrial Area, P.O. Marar, Dist - Ramgarh, Jharkhand - 829117
Registered Office : Main Road, Ranchi, Jharkhand - 834001

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
संघमित्रा कुमारी
वार्डन, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय (मानगढ़ चौपारण )

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
सीमा कुमारी
प्रखंड विकास पदाधिकारी
चौपारण

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
रीना पांडे
प्राचार्य, सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल, बहेरा (चौपारण)

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
उदय राणा
पूर्णिमा देवी
प्रमुख (चौपारण)

